सांध्य दैनिक

# डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

*NewsPaper*NewsPortal*NewsChannel

सतर्क रहें-सजग रहें अभियान

www.dgr.co.in | www.detectivegroupreport.com

वर्ष : 9 अंक : 245 | इंदौर, शनिवार 16 मार्च, 2024 | पेज : 8, मूल्य : 2 रुपए

## Headline

1. Excise Policy Case: सीएम अरविंद केजरीवाल को बड़ी राहत, राउज एवेन्यू कोर्ट ने इस मामले में दी जमानत
2. Goa: जल्द भारत आ सकते हैं ईसाइयों के सबसे बड़े धर्म गुरु, जानें क्या होगा कार्यक्रम
3. USA: 'मुल्ला इसे छू भी नहीं पाएंगे', व्हाइट हाउस ने कहा - प्रतिबंधों से छूट प्राप्त फंड ईरान नहीं जाएगा
4. Electoral Bonds: यूपी के कारोबारियों ने खरीदे 250 करोड़ के चुनावी बॉन्ड, SBI की सूची में दिखी दरियादिली
5. Amit Shah: गृह मंत्री अमित शाह बोले- पीओके भारत का हिस्सा है, वहां के हिंदू भी हमारे हैं और मुसलमान भी
6. Gramin Dak Sevaks: 2.56 लाख ग्रामीण डाक सेवकों के लिए सरकार की नई पहल, शुरू की वित्तीय सहायता योजना
7. Election: विपक्षी दल सरकारी नौकरियों का उठा रहे मुद्दा तो BJP का फोकस स्वरोजगार पर, युवाओं को साधने की जुगत
8. India-UK FTA: मुक्त व्यापार समझौते पर भारत-ब्रिटेन की बातचीत थमी, लोकसभा चुनाव के बाद होगा फैसला

# आचार संहिता के पहले एक्टिव मोड में सरकार

## → मंत्री-सांसद, विधायकों ने दिनभर किया भूमिपूजन-लोकार्पण

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

भोपाल। लोकसभा चुनाव की आचार संहिता लागू होने का समय इस बार 27 घंटे पहले पता चल गया। इसके बाद मंत्रालय में तबादलों की फाइलों को जैसे पंख लग गए। शुक्रवार तड़के से तबादलों का दौर शुरू हो गया। पहली लिस्ट में 37 IAS अफसर बदले गए। दूसरी लिस्ट IPS अफसरों की आई। 47 अफसरों को इधर से उधर किया गया। इसके बाद 9 IAS अफसर और बदले गए। सामान्य प्रशासन विभाग (GAD), होम, नगरीय विकास, आबकारी समेत कई विभागों ने ताबड़तोड़ सवा सौ से अधिक अफसरों के ट्रांसफर कर दिए।

दूसरी ओर, प्रदेश में 24 घंटे के भीतर किए जाने वाले निर्माण कार्यों के भूमिपूजन-लोकार्पण के काम में अचानक तेजी आ गई। मंत्री, सांसद और विधायक अपने जिलों में सुबह से शाम तक भूमिपूजन और लोकार्पण में जुटे रहे। सरकार फरवरी से ही इस काम में तेजी से काम कर रही थी, और अब अंतिम दौर में बचे कामों का भूमिपूजन और लोकार्पण मंत्रियों, सांसदों और विधायकों ने किया। अधिकांश मंत्री अपने गृह जिलों में पहुंच गए और कलेक्टरों से जानकारी लेकर भूमिपूजन करते रहें। इधर, सरकार ने 11 व 14 मार्च को हुई कैबिनेट बैठकों में लिए गए निर्णयों के परिप्रेक्ष्य में प्रशासकीय स्वीकृति के आदेश जारी कर दिए हैं।



### सिंधिया ने शिवपुरी में ओवरब्रिज का किया भूमिपूजन

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने चुनाव प्रचार का आगाज करते हुए शुक्रवार को शिवपुरी-पोहरी रास्ता पर रेलवे क्रासिंग पर बनने वाले 23 करोड़ रुपए की लागत से बनने वाले ओवर ब्रिज का भूमि पूजन किया।

### सांसद प्रज्ञा ठाकुर ने किए 9.50 करोड़ के भूमिपूजन

सांसद भोपाल प्रज्ञा ठाकुर ने शुक्रवार को विशेष निधि से स्वीकृत 9.5 करोड़ रुपए के कार्यों का शिलान्यास किया। इसमें गौशाला निर्माण, ग्राम सभागृह, स्वागत द्वार, खेल मैदान, 100 सौर ऊर्जा स्ट्रीट लाइट, श्मशान घाट में अन्त्येष्टि शेड, भागवत गीता श्लोकों का लेखन व भगवान की कलाकृतियां, 6550 मीटर सीसी रोड निर्माण कार्य, सार्वजनिक शौचालय, 28 स्टील की कुर्सियां, 5000 वर्गमीटर की वाल पेंटिंग, 10 सीसीटीवी कैमरे, 3000 मीटर इंटरनल पाइप ड्रेनेज सिस्टम, 500 मीटर नाली निर्माण, 2000 मीटर खेत सड़क निर्माण कार्य, 400 मीटर फेंसिंग, 1670 मीटर बाउंड्रीवॉल, शांतिधाम में प्रकाश व्यवस्था के काम शामिल हैं।

### नरसिंहपुर में मंत्री कुलस्ते ने किए उद्घाटन

केंद्रीय इस्पात एवं ग्रामीण विकास राज्य मंत्री फग्गन सिंह कुलस्ते और प्रदेश के पंचायत एवं ग्रामीण विकास व श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल ने शुक्रवार को नरसिंहपुर जिले की जनपद पंचायत गोटेगांव की ग्राम पंचायत उमरिया में 20 लाख रुपए की लागत के नवीन पंचायत भवन का उद्घाटन किया। दोनों नेताओं ने गोटेगांव विधानसभा की नेगुवां पंचायत में 37 लाख रुपए की लागत से निर्मित गौशाला, सीसी नाली निर्माण एवं रोड निर्माण का भी उद्घाटन किया गया।

ग्राम पंचायत उमरिया में 3 लाख रुपए लागत की लाखन पटेल से मुख्य मार्ग की ओर सीसी रोड, 4.16 लाख रुपए लागत की ग्राम पंचायत भवन की बाउंड्रीबॉल, 5.19 लाख रुपए लागत की फूलदास से श्मशान की ओर सीसी नाली, 5.40 लाख रुपए लागत की हाकम झारिया के घर से गुर्रा रोड तक सीसी नाली निर्माण और 7.597 लाख रुपए लागत की पुलिया के निर्माण कार्यों का उद्घाटन किया।

### मंत्री कृष्णा गौर ने भी किए भूमिपूजन

भोपाल में पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने गोविंदपुरा विधानसभा के वार्ड-55 में विभिन्न विकास कार्यों का भूमि-पूजन किया। गौर ने अमराई बस्ती नवीन स्कूल के पीछे बागसेवनिया पुरानी बस्ती में 17 लाख रुपए की लागत से तैयार होने वाली नाली-पुलिया के निर्माण और शेड एवं चबूतरे के कार्य का भूमि-पूजन किया।

बागसेवनिया पुरानी बस्ती में 7 लाख रुपए के सीसी रोड और नाली के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया। जाटखेड़ी मस्जिद के पास सीसी रोड एवं हनुमान मंदर के नजदीक पेपर ब्लॉक एवं शेड के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया, जिसकी लागत भी 7 लाख रुपए हैं। वार्ड-55 की श्री रामनगर में बाउंड्री-वॉल के निर्माण कार्य का भूमि-पूजन किया, जिसकी लागत 2 लाख 83 हजार रुपए है। बागमुगलिया एक्सटेंशन क्लस्टर में 9 लाख 92 हजार 958 रुपए की लागत से होने वाले सीसी सड़क का भी भूमिपूजन किया।

# तालाबों के जीर्णोद्धार एवं जल संग्रहण हेतु जल-हठअभियान के तहत कार्य हुए प्रारंभ

## तालाबों के जीणोद्धार एवं सुदृढ़ीकरण के लिए सवा करोड रुपए से अधिक की राशि मंजूर

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर । इंदौर जिले में जल संसाधन मंत्री तुलसीराम सिलावट की पहल पर प्रारंभ हुए जल-हठ अभियान के तहत तालाबों के जीर्णोद्धार एवं जल संग्रहण के कार्य प्रारंभ कर दिए गए हैं। इसके तहत जिला पंचायत द्वारा सवा करोड रुपए से अधिक की राशि के कार्य मंजूर किए गए हैं।**

जल संसाधन विभाग, राजस्व विभाग एवं पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की भागीदारी से तालाब संरक्षण एवं सर्वधन हेतु जल-हठ अभियान संचालित किया जा रहा है। इन्दौर जिले में उक्त अभियान में जनभागीदारी आमंत्रित करने हेतु एवं जन प्रतिनिधियों को अभियान से जोड़ने हेतु जिला स्तर पर जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट की अध्यक्षता में जन प्रतिनिधियों की बैठक पिछले दिनों आयोजित की गई थी। जिसमे विधायक राऊ मधु वर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती रीना सतीश मालवीय, उपाध्यक्ष जिला पंचायत भारतसिंह पटेल एवं जिले की चारों जनपद पंचायत के अध्यक्षगण द्वारा जिले में 'जल-हठ' अभियान को जनभागीदारी से जन आंदोलन का रूप देने का आव्हान किया गया था।

कलेक्टर आशीष सिंह द्वारा जिले में अभियान में 51 तालाब का जीर्णोद्धार कार्य लिये जाने के निर्देश दिये गये जिसके पालन में जनपद पंचायत देपालपुर में 17, जनपद पंचायत सांवेर मे 16, जनपद पंचायत महू मे 11 एवं जनपद पंचायत इन्दौर में 09 कुल 53 कार्य चिन्हित किये गये है। अभियान अन्तर्गत 14 तालाबों में मनरेगा से जीर्णोद्धार एवं सुदृढीकरण हेतु 113.69 लाख रुपए की स्वीकृति मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत श्री सिद्धार्थ जैन द्वारा जारी की गई है। सीईओ जिला पंचायत द्वारा जनपद पंचायत के सीईओ एवं सहायक यंत्री के साथ अभियान की प्रगति की मंगलवार समीक्षा की गई, जिसमे 14 स्वीकृत कार्यों के अतिरिक्त 09 अन्य कार्यालय में तकनीकी स्वीकृति जारी होना एवं 06 अन्य कार्यों के प्रांक्कलन बनाये जाने की प्रगति प्रस्तुत हुई। जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री सिद्धार्थ जैन ने बताया कि अभियान अन्तर्गत 24 स्थानों में गहरीकरण के कार्य किये जायेंगे। जनभागीदारी से तालाब की गाद निकाली जाकर उपजाऊ मिट्टी किसानों के खेतों मे किसानों के व्यय से परिवहन की जावेगी। जिले में 06 स्थानों पर गहरीकरण का कार्य प्रारम्भ हो चुका है। अभियान अन्तर्गत चयनित कार्यों में 21 तालाबों में राजस्व अधिकारियों द्वारा तालाब का सीमांकन कर इन तालाबों को अतिक्रमण मुक्त किया जाना के निर्देश जिला कलेक्टर श्री आशीष सिंह द्वारा संबंधित अनुविभागीय अधिकारियों को दिये गये है। जिससे इन तालाबों में जल संग्रहण क्षमता वृद्धि हो सकेगी। अभियान में राष्ट्रीय स्तर पर कार्यरत बी. जे. एस. समाज सेवी संस्था के साथ जिला पंचायत सीईओ द्वारा एमओयू भी हस्ताक्षर किया गया है। जिसके अन्तर्गत एन.जी.ओ द्वारा गहरीकरण हेतु जेसीबी मशीन एवं प्रचार-प्रसार हेतु आईईसी सामग्री एवं प्रचार रथ भी उपलब्ध कराया जायेगा।

## श्रीमंत सुभेदार मल्हारराव की शौर्ययात्रा आज

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। श्री क्षत्रिय धनगर नवयुवक मंडल इंदूर एवं श्री क्षत्रिय धनगर सेवा संघ इंदूर के संयुक्त तत्वावधान में इंदौर के संस्थापक श्रीमंत सुभेदार मल्हारराव होल्कर की 331वीं जयंती पर शुक्रवार को महूनाका स्थित लालबाग परिसर में सुभेदार मल्हारराव होल्कर की प्रतिमा पर दुग्धाभिषेक किया गया। इस मौके पर धनगर समाज के युवाओं के साथ सैकड़ों समाज बंधु मौजूद थे।**

श्री क्षत्रिय धनगर नवयुवक मंडल इंदूर एवं शौर्ययात्रा संयोजक दीपक (सोनू) वालेकर, क्षत्रिय धनगर नवयुवक मंडल अध्यक्ष राकेश टकले व क्षत्रीय धनगर सेवा संघ अध्यक्ष हरीश बारगल एवं सचिव संजय कड़ ने बताया कि सुबह 9 बजे नवयुवक मंडल ने प्रतिमा के आसपास साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया। इसके बाद सुभेदार मल्हारराव की प्रतिमा पर पवित्र जल व दुग्धाभिषेक कर माल्यार्पण किया। माल्यार्पण के पश्चात समाज के वरिष्ठों ने होलकर राजवंश के गौरवशाली इतिहास पर प्रकाश भी डाला। कार्यक्रम में धनगर समाज नवयुवक मंडल के सदस्यों के साथ ही मातृशक्तियां भी शामिल थी।

श्री क्षत्रिय धनगर नवयुवक मंडल इंदूर एवं शौर्ययात्रा संयोजक दीपक (सोनू) वालेकर, क्षत्रिय धनगर नवयुवक मंडल अध्यक्ष राकेश टकले व क्षत्रीय धनगर सेवा संघ अध्यक्ष हरीश बारगल एवं सचिव संजय कड़ ने बताया कि 16 मार्च शनिवार को शाम 5 बजे राजबाड़ा देवी अहिल्या बाई की प्रतिमा पर माल्यार्पण के साथ भव्य शौर्ययात्रा निकाली जाएगी।

## 25 मार्च को होगी इन्दौर में रंगरेज की धूम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर**। इन्दौर शहर का सबसे शानदार रंगोत्सव 25, मार्च को सांवरिया गार्डन, केट रोड़ पर सुबह 10,बजे से सांय 5, बजे तक आयोजित किया जा रहा है। रंगोत्सव कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजक प्रिंस गर्ग, हर्ष शर्मा ने बताया कि होली पर्व पर अनूठे अंदाज में होने वाले इस कार्यक्रम नाम 'रंगरेज'दिया गया है कार्यक्रम में जूनियर कलाकारों द्वारा वृंदावन बृज की होली, राधाकृष्ण की होली, इन्दोरी होली का मस्तीभरा आनन्द विख्यात रॉक बैण्ड के साथ लिया जाएगा। लविश झरिया, ध्रुव गर्ग, क्रिश वर्मा, पंकज अग्रवाल, पियूष शर्मा, राज व्यास,सक्षम अग्रवाल , कुंज पाटीदार, अथर्व सिटोके, वैभव अग्रवाल को अलग-अलग व्यवस्थाओं का कार्यक्रम संयोजक मनोनीत किया गया है। होली के रंग-अपनों के संग कार्यक्रम प्योरश्योर एवं मोयरा ग्रुप के सहयोग एवं सानिध्य में आयोजित किया गया है। महानगर संगठन की संस्थापिका स्वाति-अमिताभ सिंघल, कविता- दिलीप गर्ग, बिन्दु-विनोद अग्रवाल ने बताया कि कार्यक्रम सिर्फ पास धारकों के लिये ही है। होलिका उत्सव के इस कार्यक्रम में विशेष रूप से शहर के वरिष्ठ समाजसेवियों, मीडिया अखबारों के प्रतिनिधियों, वरिष्ठ शिक्षाविदों, एवं प्रशासनिक अधिकारियों, राजनेतिक जनप्रतिनिधियों को आमंत्रित किया गया है।

## मांगों को लेकर कमीश्रन एवं कलेक्टर को ज्ञापन

**इंदौर**। म.प्र.राज्य कर्मचारी संघ के प्रदेश के आव्हान पर संभागीय अध्यक्ष मोहन कुमार त्रिपाठी, संभागीय अध्यक्ष पेंशनर महासंघ जगदीश सोनी के नेतृत्व में बड़ी संख्या में कर्मचारी एवं पेंशनर अधिकारी, कर्मचारीयों ने शासन की कर्मचारी विरोधी नीतियों के विरोध में प्रदर्शन कर पूरे प्रदेश में एक साथ सभी संभाग व जिला में कलेक्टर एवं कमिश्नर कार्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया जाकर प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन दिया गया। जिसके फलस्वरूप सरकार ने चार प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया जाने के आदेश जारी करने पर विवश होना पड़ा। कर्मचारियों में अभी भी नाराजगी व्याप्त है कि केन्द्र सरकार के कर्मचारियों को पचास प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिया गया है, जबकि प्रदेश के कर्मचारी चार प्रतिशत पीछे है। इसी प्रकार ग्रहभाड़ा भत्ता दिवंगत कर्मचारियों के परिवार में अनुकंपा नियुक्ति,ग्रेड पे में सुधार , शिक्षकों को व अन्य विभागों में चतुर्थ समयमान/क्रमोन्नत वेतनमान दिये जाने में अफसरशाही के द्वारा रोकी जा रही हैं , तथा रेडियोलॉजी विभाग में कार्यरत को कार्यरत कर्मचारियों को जोखिम भत्ता 25 प्रतिशत मुल वेतन से दिया जावे।

कटाक्ष




© www.detectivegroupreport.com

## ड्रोन टेक्नोलॉजी बूटकैम्प 3.0 कार्यक्रम में एआई और मशीन लर्निंग पर अधिक चर्चा हुई

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर**। मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी के मेकेनिकल इंजिनियरिंग विभाग और आईआईटी इंदौर ने संयुक्त रूप से ड्रोन टेक्नोलॉजी बूटकैम्प 3.0 कार्यक्रम आयोजित किया। इस 6 दिवसीय बूटकैम्प के समापन पर प्रतिष्ठित वक्ताओं के प्रेरक उद्बोधन हुए। डॉ. सुमित ने एयरोस्पेस अनुसंधान पर विस्तार से प्रकाश डाला तो वहीं डॉ. देवेश ने अपने अनुभव साझा किए। डॉ. राजेन्द्र कुमार शुक्ला ने शैक्षणिक यात्रा पर प्रकाश डाला। बूटकैम्प ने आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और मशीन लर्निंग से युक्त मानव रहित हवाई सिस्टम के प्रभाव को रेखांकित करते हुए बताया कि मानव रहित हवाई वाहनों के क्षेत्र में संचार , नेविगेशन और विभिन्न अनुप्रयोग में क्रान्तिकारी बदलाव आए हैं। कुलपति डॉ. दिलीप के. पटनायक ने सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र वितरीत किए। पूरे आयोजन में कम्युनिकेशन, नेविगेशन और एप्लीकेशन में एआई और मशीन लर्निंग पर सबसे अधिक चर्चा हुई। बूटकैम्प कार्यक्रम 3.0 स्मार्ट यूएसए पर आधारित था। मेडिकैप्स यूनिवर्सिटी के डीन डॉ. प्रमोद एस. नायक ने सभी के प्रति आभार व्यक्त किया। इस मौके पर संयोजक डॉ. अकबर अली और प्रोफेसर राम बंसल विशेष रूप से मौजूद थे।

## वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ. महेश साहू सम्मानित

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर । **रीढ़ की हड्डी में दर्द इसलिए भी होता है, क्योकि डिस्क के खिसकने की वजह से नसों में दबाव आता है। इसका समाधान रोबोटिक स्पाइनल डिकम्प्रेशन मशीन से किया जाता है। यह ऐसी तकनीक है जिससे स्लीप डिस्क के मरीजों को भी लाभ मिला है और यह पूरी तरह कारगर है।**

ये विचार वरिष्ठ फिजियोथेरेपिस्ट डॉ, महेश साहू के हैं, जो उन्होंने देहरादून में आयोजित इंडियन एसोसियेशन ऑफ फिजयोथेरेपिस्ट की 61 वी अंतरराष्टीय वर्कशॉप मे कहे। डॉ साहू ने अपने शोध पत्र का वाचन करते हुए कहा कि रोबोटिक स्पाइनल डिक्रमप्रेशन मशीन की ऐसी खासियत है कि इससे बिना आपरेशन किये भी नसों का दबाव कम किया जाता है। यह तकनीक नस को एकदम फ्री कर देती है। इस मौके पर उतराखंड के राज्यपाल गुरुमीतसिंह,सरदार भगवानसिंह यूनिवरसिटी देहरादून के डीन मनीष अरोर्रा अतिथि बतोर उपस्थित थे। कॉफ्रेस् में डॉ साहू का सम्मान भी किया गया। इस तीन दिवसीय कॉफ्रेस् में एसो, के अध्यक्ष डॉ, संजीव झा, रजिस्ट्रार डॉ, आंनद मिश्रा, जॉइंट सेक्रेटरी डॉ, विवेक जैन, फिनलेंड की डॉ केरोलिना, जर्मनी के डॉ एन रियाज सहित बड़ी संख्या में फिजियोथेरिपिस्ट उपस्थित थे।

# मारपीट कर मोबाइल लूटने वाले गिरफ्तार

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर। कनाडिया पुलिस ने मारपीट कर मोबाइल लूट की वारदात के मामले में दो आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे लूट का माल और हथियार जब्त किए हैं। इनके दो साथी फरार हैं,उनकी तलाश की जा रही है।**

11 मार्च को उमेश सिंगारे पिता सीताराम सिंगारे दुर्गानगर बांगडदा जब मानवता नगर गेट के पास खडा था तभी अज्ञात बदमाशो ने उससे मारपीट कर मोबाइल लूट लिया था। कनाडिया पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरु की,सीसीटीवी तथा मुखबिर तंत्र की सहायता से संदिग्धों की जानकारी मिली। टीम ने मुखबीर सूचना के आधार पर आरोपियों भूरी टेकरी के रहने वाले गौरव यादव और सुमित भूरिया को पकड़ा। आरोपियों ने पूछताछ करते दो अन्य साथियों के साथ मिलकर घटना को अंजाम देना स्वीकार किया है। घटना में शामिल दो अन्य आरोपियों की तलाश की जा रही हैं। दोनो आरोपियों गौरव यादव, सुमित भुरिया को गिरफ्तार किया गया है जिनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त लोहे का सरिया व डंडा जब्त किया गया।




**जूनी इंदौर में भी पकड़ा**

**मोबाइल लुटेरा-** 11 मार्च को मार्केटिंग का काम करने वाले के साथ खातीवाला टैंक में मोबाइल लूट की वारदात हुई थी। जूनी इंदौर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरु की। स्पाट और आसपास के करीब 100 सीसीटीवी के फुटेज खंगाले तो आरोपियों का सुराग मिला। फुटेज से आरोपियों की पहचान विक्की मालवीय निवासी दिग्विजय मल्टी ,जयू उर्फ जयदीप कुशवाह निवासी दिग्विजय मल्टी के रूप में हुई। मुखबिरों की सहायता से इनका पता लगाकर इन्हें गिरफ्तार किया गया। इनके पास से लूट का मोबाइल भी मिल गया है। इनसे पूछताछ में कई लूट की वारदातों का खुलासा होने की संभावना है,पूछताछ की जा रही है।

# चेन लूट का आरोपी पकड़ाया

### शातिर अपराधी ने दिल्ली में भी कई चोरियां

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। जूनी इंदौर में चेन स्नेचिंग की वारदात करने वाले को क्राइम ब्रांच ने दबोचा,पूछताछ में पता चला कि वह तो आदतन शातिर आरोपी है। उसने दिल्ली में दर्जनभर चोरी की वारदातें कबूलीं। इंदौर के कई थानों में भी उसके खिलाफ केस दर्ज हैं। आरोपी किर्तनसिंह सिकलीगर कई स्थानों पर चोरी की वारदातों को अंजाम दे चुका है।

आपरेशन क्राइम कंट्रोल के तहत पुलिस ने विशेष इनफारमर्स की टीम को सक्रिय किया है। टीम को टिप मिली थी कि इंदौर में कई वारदातों को अंजाम देने वाला और दिल्ली में सीरियल चोरी की वारदातों को अंजाम देने वाला किर्तनसिंह पिता अंतरसिंह पटवा,सिकलीगर आकाश नगर में देखा गया है। वह कई दिनों से यहां से गायब था। उसकी सूचना मिलते ही टीम ने उसे पकड़ा। उससे वारदातों के बारे में पूछताछ करने पर पहले तो वह पुलिस को गलत जानकारी देता रहा उसके बाद सख्ती से पूछताछ की तो उसने बताया कि वह करीब 6 माह से दिल्ली में था। उसने वहां इस दौरान सूने घरों की रैकी कर एक दर्जन वारदातों को अंजाम दिया है। दिल्ली पुलिस से संपर्क किया गया तो पता चला कि इसके खिलाफ एक दर्जन चोरी के केस दर्ज हैं। आरोपी किर्तन पिता अंतरसिंह पटवा,सिकलीगर, आदतन बदमाश है जिसके विरुद्ध थाना अन्नपूर्णा, मल्हारगंज, जूनी इन्दौर व पंढरीनाथ में चोरी, नकबजनी व आर्म्स एक्ट के पुराने अपराधिक रिकार्ड है । आरोपी से पूछताछ कर अन्य वारदातों का पता लगाया जा रहा है।

## पुलिसकर्मियों व परिजनों के लिए दंत चिकित्सा एवं परीक्षण



@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इन्दौर। पुलिस के अधिकारियों-कर्मचारियों को शारीरिक रूप से सुदृढ बनाने एवं उनके स्वास्थ्य व फिटनेसके साथ ही उनके परिजनों के स्वास्थ्य को भी ध्यान में रखते हुए पुलिस कमिश्नर राकेश गुप्ता के दिशा निर्देशन में विभिन्न कार्यक्रमों आयोजन किया जा रहा है।**

इसी अनुक्रम में पुलिस कर्मियों एवं उनके परिवारजनों को विभिन्न प्रकार के दंत रोगों की जांच एवं मुंह की विभिन्न बीमारी के संबंध में भी जागरूकता के लिए शुक्रवार को डीआरपी लाइन में शिवाय डेंटल क्लिनिक एवं इंप्लांट सेंटर के सहयोग से पुलिसकर्मियों व उनके परिवारजनों के लिए दांत के रोगों एवं मुख की विभिन्न बीमारियों की जांच तथा उनके लक्षणों और बचाव के तरीकों के लिए दो दिवसीय निःशुल्क दंत चिकित्सा एवं परीक्षण का आयोजन किया गया। शिविर शनिवार को सुबह 10 से 5 बजे तक जारी रहेगा।

# स्टूडेंटस को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। पुलिस द्वारा साइबर अपराधों पर अंकुश लगाने के लिये इसके प्रति लोगों में जागरूकता लाने के उद्देश्य से लगातार विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। शुक्रवार को सेज यूनिवर्सिटी के बीटेक साइबर सिक्युरिटी संकाय के स्टूडेंटस को अति पुलिस उपायुक्त क्राइम राजेश दंडोतिया और टीम ने साइबर अपराधों के प्रति जागरूक किया। पुलिस कार्यालय के सभागृह में आयोजित कार्यक्रम में सेज यूनिवर्सिटी के स्टूडेंट्स को वर्तमान समय के विभिन्न प्रकार के साइबर अपराधों और इनसे बचने के तरीकों को बताया। साथ ही उन्हें पुलिस के पास आने वाली साइबर अपराधों की शिकायतों की केस स्टडी के आधार पर विभिन्न प्रकार के साइबर फ्राड,फायनेंशियल फ्राड,सोशल मीडिया फ्राड आदि की जानकारी देते हुए, पुलिस इनकी शिकायतों पर किस प्रकार कार्यवाही करती है और साइबर अपराधों से बचने के लिए किन बातों का ध्यान रखें आदि के संबंध में प्रैक्टिकली समझाया गया। उन्होंने कहा कि आप सभी तो इस नई तकनीकी दुनिया से रोज परिचित होकर और आगे ले जाने वाले हैं। आने वाले समय में और नई-नई तकनीके देखने को मिलेगी, तो हमें और नई चुनौतियां भी मिलेगी और उसका सामना हम जब ही कर सकते हैं जब हम सतर्क और जागरूक होंगे। इस दौरान स्टूडेंट्स ने एडिशनल डीसीपी से कई सवाल किये और विभिन्न साइबर क्राइम की बारीकियों को प्रैक्टिकली समझा।

## मां-बेटे को कर दिया घायल

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

इंदौर। गांधी नगर में एक महिला को बदमाशों ने चाकू मार दिया। वहीं बेटा बचाने के लिए आया तो आरोपी ने उसका भी डंडा मारकर सिर फोड़ दिया। नागर पिता बहादुर सिंह नागर निवासी क्षिप्रा की शिकायत पर बबलू,दिनेश, दीपक उर्फ दीपू के खिलाफ केस दर्ज किया है। इस मारपीट में ताराबाई(50),सुनील मकवाना (25) को चोट आई है। राजेश ने पुलिस को बताया कि उसके साले सुनील का आरोपियों से विवाद चल रहा है इसी विवाद के चलते आरोपी उसके साथ में गाली गलौज कर रहे थे। सास ताराबाई शोर सुनकर उनके पास में आई तो आरोपियों ने उनके साथ में भी गाली गलौज करने लगे। विरोध किया तो बबलू ने चाकू से सास ताराबाई के सिर में मारा सिर में चोट लगकर खून निकलने लगा मेरा साला सुनील अपनी मां को बचाने गया तो आरोपियों ने डंडा मारकर उसके सिर पर मार दिया। इससे उसके सिर में भी गंभीर चोट आई है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ प्रकरण दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है।

## युवतियों का उत्पात, आधा दर्जन गाड़ियां फोड़ने का आरोप

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** बाणगंगा थाना अन्तर्गत वृंदावन कॉलोनी में शुक्रवार रात नशे में धूत लड़कियों ने उत्पात मचाया। नशे में गाड़ियों पर गुस्सा निकाला और करीब आधा दर्जन गाड़ियौन में तोडफ़ोड़ कर दी। इस घटना से रहवासियों में घटना आक्रोश है। पार्षद दीपू यादव के मुताबिक़, यह घटना भोलेनाथ मंदिर के पास वृंदावन कालोनी में रात करीब 2 बजे की है। घरों के बाहर खड़ी गाडिय़ों के कांच कुछ नशेड़ी लड़कियों ने फोड़ डालें। आरोप है कि लड़कियां नशे का कारोबार करती है। उनकी शिकायत करते हैं तो इसी तरह का उत्पात मचाती है। फिलहाल पुलिस का कहना है मामले में जांच के बाद कार्रवाई की जाएगी।

## मंदिर में फाग उत्सव में महिला की चेन लूटी

**इंदौर।** एरोड्रम के एक मंदिर में आयोजित फाग उत्सव में भाग लेने आई एक बुजुर्ग महिला की चेन लूट का मामला सामने आया है। पुलिस फुटेज से आरोपी की तलाश कर रही है। 76 साल की आशा शुक्ला , संगम नगर सांई मंदिर के फाग उत्सव में भाग लेने गई थी। भीड़ में ही उनकी चेन किसी ने चुरा ली,वे भीड़ से निकली और गले की ओर ध्यान गया तब उन्हें वारदात का पता लगा। चेन में लगा पैंडल उनके कपड़ों में अटक गया था। उसके बाद परिजनों को ये बात बताई और एरोड्रम थाने पर केस दर्ज करवाया।

## दहेज में 40 लाख रुपए की मांग

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**इंदौर।** लसूडिया पुलिस ने महिला की शिकायत पर उसके ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताडऩा का केस दर्ज किया है, आरोपी 40 लाख की मांग कर रहे थे। इनकार करने पर उसके साथ में मारपीट की और पति उसे अकेला छोड़ गया। मेघा गोगड़े, तलावली चांदा की शिकायत पर उसके पति सागर गोगडे,बसंत, सावित्री के खिलाफ केस दर्ज किया है। मेघा ने पुलिस को बताया कि आरोपियों ने उस पर दबाव बनाया कि 40 लाख रूपए अपने मायके से लेकर आ। उसने रूपए लाने से मना कर दिया। इसी बात को लेकर आरोपी ने उसे प्रताडित करना शुरू कर दिया उसके साथ में मारपीट की उसे परेशान किया जा रहा था। यहां तक कि आरोपी पति उसे अकेला छोडक़र चला गया। परेशान होकर उसने पुलिस की शरण ली।

# प्रदेश की 6 धरोहर यूनेस्को अस्थायी सूची में

## भोजपुर मंदिर, ग्वालियर किला-खूनी भंडारा भी शामिल; इंटरनेशनल लेवल पर मिलेगी पहचान

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। मध्यप्रदेश की 6 धरोहरों को संयुक्त राष्ट्र शैक्षिक, वैज्ञानिक एवं सांस्कृतिक संगठन (यूनेस्को) ने अपनी अस्थायी सूची में शामिल किया है। ये दर्शनीय स्थल ग्वालियर किला, धमनार का ऐतिहासिक समूह, भोजेश्वर महादेव मंदिर भोजपुर, चंबल घाटी के रॉक कला स्थल, खूनी भंडारा बुरहानपुर, रामनगर और मंडला का गोंड स्मारक है। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने भी इस पर खुशी जताई है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा, मध्यप्रदेश की महान संस्कृति एवं सभ्यता विश्व पटल पर भी प्रतिष्ठित हो रही है। यूनेस्को के विश्व हेरिटेज सेंटर द्वारा भारत की अस्थायी सूची में प्रदेश की छह धरोहरों को शामिल किया है। प्रदेश की अद्भुत एवं सांस्कृतिक धरोहर अब विश्व धरोहर के रूप में होगी प्रतिष्ठित होंगी।



**अब स्थायी सूची में शामिल करने के प्रयास होंगे-** प्रमुख सचिव पर्यटन एवं संस्कृति, प्रबंध संचालक मप्र टूरिज्म बोर्ड शिवशेखर शुक्ला ने बताया, प्रदेश की ऐतिहासिक धरोहरों एवं संस्कृति को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने के उद्देश्य से प्रयास किए जा रहे हैं। सूची में नाम आने से गंतव्यों को लेकर जागरूकता बढ़ेगी। वहीं, पर्यटकों की संख्या भी बढ़ेगी औरएक वैश्विक पहचान मिलेगी। यूनेस्को की अस्थायी सूची (ळील्ल3३र5ी छ्र23) में नामांकन के लिए बोर्ड द्वारा इन ऐतिहासिक धरोहरों के नामांकन की प्रक्रिया की गई थी। अब यूनेस्को विश्व धरोहर स्थल की स्थायी सूची में इन स्थलों को सूचित कराने के लिये प्रयास शुरू किए जा चुके हैं।

**इन्हें मिली लिस्ट में जगह -** ग्वालियर किलाः ग्वालियर में अपनी अभेद्य सुरक्षा के लिए जाना जाने ग्वालियर किला एक पहाड़ी पर स्थित है। जहां से शहर एवं आसपास का मनमोहक दृश्य नजर आता है। अपनी 10 मीटर ऊंची दीवारों के साथ यह किला उत्कृष्ट मूर्तियों एवं उल्लेखनीय वास्तुकला से सुसज्जित है। इतिहासकारों के अनुसार, ग्वालियर किले की सबसे पहली नींव छठी शताब्दी ईस्वी में राजपूत योद्धा सूरज सेन ने रखी थी। विभिन्न शासकों के आक्रमण और शासन करने के बाद तोमरों ने 1398 में किले पर कब्जा किया। तोमरों में सबसे प्रसिद्ध मान सिंह थे। उन्होंने ही किले परिसर के अंदर कई स्मारकों का निर्माण कराया था।

धमनार ऐतिहासिक समूहः धमनार गुफाएं मंदसौर जिले के धमनार गांव में स्थित हैं।

भोजेश्वर महादेव मंदिर भोजपुर-भोपाल से लगभग 28 किमी दूर स्थित भोजेश्वर मंदिर भगवान शिव को समर्पित है। एक ही पत्थर से उकेरा गया। गर्भगृह में विशाल लिंग लगभग 6 मीटर की परिधि के साथ 2.35 मीटर लंबा है। यह 6 मीटर वर्ग में तीन-स्तरीय बलुआ पत्थर के मंच पर स्थापित है।

रॉक आर्ट साइट ऑफ द चंबल वेली-चंबल बेसिन और मध्य भारत में विभिन्न ऐतिहासिक काल और सभ्यताओं से उत्पन्न रॉक कला स्थलों की दुनिया की सबसे बड़ी सघनता है।

खूनी भंडारा बुरहानपुर-अपनी तरह की अनोखी जल आपूर्ति प्रणाली खूनी या कुंडी भंडारा बुरहानपुर में स्थित है, जो 407 साल पहले तैयार की गई थी और भी संचालित है और लोगों के लिए उपयोगी है। इसका निर्माण 1615 में बुरहानपुर के शासक रहे अब्दुर्रहीम खानखाना ने करवाया था।

गोंड स्मारक मंडला रामनगर-मंडला जिले का रामनगर गोंड राजाओं का गढ़ हुआ करता था। वर्ष 1667 में गोंड राजा हृदय शाह ने नर्मदा नदी के किनारे मोती महल का निर्माण करवाया था।

# प्रदेश में 3 दिन बारिश और ओले गिरने का अनुमान

## →भोपाल-इंदौर में बादल छाए रहेंगे, मार्च में तीसरी बार बदलेगा मौसम

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। प्रदेश में मार्च में तीसरी बार मौसम बदलेगा। 16, 17 और 18 मार्च को हल्की बारिश के साथ ओले भी गिर सकते हैं। मौसम वैज्ञानिकों का कहना है कि जबलपुर, रीवा और शहडोल संभाग में ज्यादा असर रहेगा। भोपाल, इंदौर, ग्वालियर-उज्जैन संभाग में हल्के बादल छा सकते हैं। भोपाल में बूंदाबांदी भी हो सकती है। इससे पहले शुक्रवार को प्रदेश में गर्मी का असर बना रहेगा।

मौसम बदलने से पहले प्रदेश में गुरुवार को गर्मी का असर देखने को मिला। मंडला में पारा सबसे ज्यादा 36.6 डिग्री दर्ज किया गया। वहीं, सिवनी, नरसिंहपुर और दमोह में भी दिन का टेम्प्रेचर 36 डिग्री के पार रहा।

**इसलिए बदलेगा मौसम-** अभी पूर्वी विदर्भ से लेकर उत्तरी तटीय आंध्र प्रदेश तक समुद्र तल से 0.9 किलोमीटर की ऊंचाई पर ट्रफ लाइन गुजर रही है। इस कारण दक्षिण-पूर्वी हवाएं मध्यप्रदेश में नमी ला रही है। इन प्रति चक्रवातीय हवाओं के प्रभाव में पूर्वी मध्यप्रदेश में हल्की बारिश की संभावना है।

**सिस्टम लौटने के बाद फिर गर्मी बढ़ेगी-** 16 से 18 मार्च के बीच मौसम बदला रहेगा। सिस्टम गुजरने के बाद फिर से प्रदेश में गर्मी का असर बढ़ेगा। मौसम वैज्ञानिकों ने बताया कि भोपाल, इंदौर, ग्वालियर, जबलपुर, उज्जैन समेत प्रदेश के शहरों का 10 साल का रिकॉर्ड देखें तो आखिरी दिनों में यहां तेज गर्मी का ट्रेंड है। इससे अनुमान है कि 26 से 31 मार्च के बीच ज्यादातर शहरों में दिन का टेम्प्रेचर 40 डिग्री के पार पहुंच सकता है।

**भोपाल में 18 मार्च को बारिश का अनुमान-** राजधानी भोपाल में पिछले कुछ दिन से गर्मी का असर है, लेकिन 16 मार्च से यहां भी मौसम बदल जाएगा। 16, 17 और 18 मार्च को बादल छाए रहेंगे। वहीं, 18 मार्च को कुछ इलाकों में बूंदाबांदी होने का अनुमान है। इससे पहले शुक्रवार को गर्मी का असर बना रहेगा।

**तीन दिन ऐसा रहेगा मौसम-** 16 मार्च-जबलपुर, नरसिंहपुर, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, मंडला, कटनी, उमरिया, शहडोल, डिंडोरी और अनूपपुर में गरज-चमक और हल्की बारिश होने का अनुमान है।

17 मार्च-जबलपुर, सिवनी, मंडला, उमरिया और डिंडोरी में ओले गिर सकते हैं। छिंदवाड़ा, नरसिंहपुर, सागर, दमोह, पन्ना, सतना, रीवा, मऊगंज, मैहर, शहडोल, अनूपपुर, कटनी, बालाघाट में गरज-चमक की स्थिति रहेगी। वहीं, हल्की बारिश होने का भी अनुमान है।

18 मार्च-मंडला, डिंडोरी, अनूपपुर और शहडोल में ओले गिर सकते हैं। वहीं, छिंदवाड़ा, सिवनी, बालाघाट, नरसिंहपुर, जबलपुर, कटनी, उमरिया, मैहर, सतना, रीवा, मऊगंज, सीधी और सिंगरौली में गरज-चमक होगी। कुछ जगहों पर हल्की बारिश भी हो सकती है।

**पचमढ़ी सबसे ठंडा, मंडला सबसे गर्म-** प्रदेश का हिल स्टेशन पचमढ़ी गुरुवार को सबसे ठंडा रहा। यहां अधिकतम तापमान 28 डिग्री रहा। वहीं, मंडला में सबसे ज्यादा 36.6 डिग्री दर्ज किया गया। बड़े शहरों की बात करें तो भोपाल में 33.7 डिग्री, इंदौर में 32.4 डिग्री, ग्वालियर में 31.6 डिग्री, जबलपुर में 34.1 डिग्री और उज्जैन में पारा 32.5 डिग्री दर्ज किया गया।

# टेंट हाउस के गोदाम में आग लगी

## एक के बाद एक 3 ब्लास्ट हुए, 50 फीट दूर गिरा टीन शेड

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**भोपाल**। भोपाल के बाग मुगालिया इलाके में शुक्रवार सुबह करीब 10 बजे एक टेंट हाउस के गोदाम में आग लग गई। गोदाम के आसपास कई मकान और झुग्गियां बनी हैं। बड़े हादसे की आशंका को देखते हुए फायर ब्रिगेड की 10 से ज्यादा गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। जेसीबी की मदद से रास्ता बनाकर दमकलें गोदाम तक पहुंचीं। करीब डेढ़ घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि आग पहले पर्दों और कपड़ों के अन्य सामान में लगी। गोदाम में मौजूद 5 से ज्यादा कर्मचारियों ने इसे बुझाने की कोशिश की। इसी दौरान एक के बाद एक 3 गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हुए। कर्मचारियों ने भागकर अपनी जान बचाई। गोदाम का टीन शेड करीब 50 फीट दूर जाकर गिरा। उन्होंने गोदाम में घरेलू गैस सिलेंडर से रिफिलिंग किए जाने का आरोप भी लगाया है। फायर ऑफिसर नील ने बताया कि अरविंद विहार में व्यंजन टेंट हाउस का गोदाम है। यहां घरेलू सिलेंडर भी मिले हैं।

**सामान समेटकर घरों से निकले लोग-** गोदाम में आग लगने के बाद ब्लास्ट की आवाज आते ही इलाके में अफरा-तफरी मच गई। लोग जरूरी सामान समेटकर अपने घरों से निकल गए।

**गोदाम में रखे थे 50-60 सिलेंडर-** टेंट हाउस के गोदाम में 50 से 60 गैस सिलेंडर रखे होने का अनुमान है। इनमें से कुछ सिलेंडर फटने से आग बेकाबू हो गई थी। फायर फाइटर पंकज खरे ने बताया कि आग बुझाने के साथ ही गैस सिलेंडरों को सुरक्षित निकालना भी बड़ी चुनौती थी।

**जेसीबी की मदद से तोड़ीं गोदाम की दीवारें-** आग बुझाने के लिए नगर निगम अमले, जिला प्रशासन और पुलिस ने मिलकर ऑपरेशन चलाया। गोदाम की दीवारों को जेसीबी की मदद से तोड़ा गया। पुलिस ने 200 मीटर पहले से बेरिकेडिंग कर लोगों को मौके पर जाने से रोका।

# पोती का दादा को मैसेज-मुकुल ने पिता-भाई को मार डाला

## →रेलवेकर्मी का शव मिला, 8 साल के बेटे को मारकर फ्रिज में डाला

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**जबलपुर**। जबलपुर में रेलवे कर्मचारी और उनके बेटे का शव लहूलुहान हालत में रेलवे क्वार्टर में मिला है। आरोपियों ने बेटे को मारकर शव फ्रिज में डाल दिया। उनकी 14 साल की बेटी लापता है। दोनों के शव पर धारदार हथियार के निशान हैं। मौके पर एसपी आदित्य प्रताप सिंह, एएसपी प्रियंका शुक्ला पहुंचे हैं। वारदात शुक्रवार शाम की है।

राजकुमार विश्वकर्मा (52) मूलतः पिपरिया के रहने वाले हैं। वह जबलपुर में रेलवे कॉलोनी में रहते थे। वह यहां बेटी आर्या (14) और बेटे तनिष्क (8) के साथ मिलेनियम कॉलोनी स्थित रेलवे क्वार्टर में फर्स्ट फ्लोर पर रहते थे। शुक्रवार सुबह करीब 8:30 बजे आर्या ने मोबाइल से वॉइस मैसेज भेजा। इसमें कहा-दादा मुकुल आया था। पापा और भैया की हत्या कर दी है।

मैसेज सुनकर वे घबरा गए। उन्होंने जबलपुर में ही गढ़ा क्षेत्र में रहने वाले परिवार वालों को बताया। यहां से परिवार वाले तुरंत मौके पर पहुंचे। यहां घर के बाहर दरवाजे पर ताला लगा था। आरपीएफ और सिविल लाइन थाना पुलिस को भी सूचना दी।

**दरवाजा तोडक़र अंदर घुसी पुलिस-** दोपहर में एसपी आदित्य प्रताप सिंह, एएसपी प्रियंका शुक्ला, सिविल लाइन थाना प्रभारी धीरज सिंह समेत अन्य पुलिसकर्मी मौके पर पहुंचे। सीढ़ियों से खिडक़ी से घर में झांक कर देखा, तो अंदर कमरे में राजकुमार लहूलुहान हालत में पड़े थे। वहीं, बेटी आर्या लापता थी। इसके बाद पुलिस सीढ़ियों के माध्यम से ऊपर गई। दरवाजे का लॉक तोडक़र अंदर गए। मौके पर एफएसएल टीम को भी बुलाया गया। रेलवे क्वार्टर का मामला होने से आरपीएफ भी पहुंच गई।

पुलिस जब घर में अंदर घुसी, तो कमरे में राजकुमार का शव पड़ा था। तलाशी के दौरान फ्रिज के अंदर बेटे तनिष्क का शव मिला। दोनों के शरीर में धारदार हथियार के निशान हैं। इधर, परिवार वाले भी पिपरिया से जबलपुर के लिए निकल चुके हैं।

# युवक को सड़क पर पटककर बेरहमी से पीटा

@ डिटेक्टिव ग्रुप रिपोर्ट

**सागर**। सागर में एक युवक के साथ बेरहमी से मारपीट करने का वीडियो सामने आया है। इसके सोशल मीडिया पर वायरल होने के बाद पुलिस ने मामले में संज्ञान लिया। एफआइआर दर्ज कर जानकारी जुटाई और आरोपियों को शुक्रवार सुबह गिरफ्तार कर लिया।

वीडियो में दिख रहा है कि एक युवक जमीन पर पड़ा है और तीन लोग मिलकर उसे बेरहमी से मार रहे हैं। एक आरोपी ने उसे कमर से पकडक़र उठाया और फिर नीचे पटक दिया। दूसरे आरोपी ने युवक के मुंह पर पैर से कई ठोकरें मारीं। यह देखकर उनके साथी ने भी युवक पर लातें बरसाईं। मौके पर मौजूद लोगों में से एक बुजुर्ग ने आरोपियों को ऐसा करने से रोका। इसके बाद आरोपी गालियां देते हुए वहां से चले गए।

पुलिस ने बताया कि वीडियो 13 मार्च को मोतीनगर थाना इलाके के रामबाग मंदिर तिराहे के पास का है। आपसी विवाद में 3 लोगों ने एक युवक के साथ लात-घूंसों से मारपीट की है।

शराब पीकर गालियां देने पर हुआ था विवाद

एसपी अभिषेक तिवारी ने कहा, 'पीड़ित का नाम मयंक भट्ट है और वह बड़ा बाजार का रहने वाला है। 13 मार्च की रात को जितेंद्र चंदेल, दीपक रजक और दीपेश विश्वकर्मा ने उसके साथ मारपीट की थी। दीपक मारपीट में घायल मयंक भट्ट का पड़ोसी है।

आरोपियों ने बताया कि मयंक शराब पीकर गाली-गलौज कर रहा था। समझाइश पर भी नहीं माना। इसी बात पर विवाद बढ़ा। तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई की जा रही है।'

New Delhi

# पीएम मोदी ने शुरू किया 'मेरा भारत, मेरा परिवार' कैंपेन, सोशल मीडिया पर साझा किया वीडियो

**नई दिल्ली, (एजेंसी)** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मेरा भारत, मेरा परिवार कैंपेन की शुरुआत की है। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट किया है, जिसमें कैंपेन का थीम गीत जारी किया गया है। आज ही चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों का एलान करने वाला है। इस कैंपेन के तहत साझा किए गए वीडियो में मोदी सरकार की किसान सम्मान निधि योजना, हर घर नल योजना, उज्जवला योजना और पीएम आवास योजना जैसी योजनाओं को दिखाया गया है।

मोदी का परिवार कैंपेन के तहत यूक्रेन युद्ध के दौरान सुरक्षित भारत लाए गए छात्रों और ऐसे ही संकटग्रस्त देशों से भारतीयों को सुरक्षित निकालने की उपलब्धि को भी



दिखाया गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने इस कैंपेन के जरिए भारतीय राजनीति में परिवारवाद पर वंशवाद पर हमला बोला है। बीते दिनों राजद चीफ लालू प्रसाद यादव के परिवारवाद वाले बयान का जवाब देते हुए पीएम मोदी ने एक जनसभा के दौरान कहा था कि देश के 140 करोड़ लोग ही मेरा परिवार हैं। इसके बाद भाजपा नेताओं ने अपने सोशल मीडिया प्रोफाइल पर नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखना भी शुरू कर दिया था। पिछले लोकसभा चुनाव में भी भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' कैंपेन चलाया था। दरअसल राफेल डील को लेकर राहुल गांधी ने प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ चौकीदार चोर है का नारा लगाया था। इसके जवाब में पीएम मोदी ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नाम के आगे चौकीदार लिख लिया था।

New Delhi

# अमित अरोड़ा का बयान बना कविता के गले की फांस

## शराब घोटाला केस में कैसे कसा ED का शिकंजा

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली शराब घोटाला मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने शुक्रवार को तेलंगाना के पूर्व मुख्यमंत्री केसीआर की बेटी और विधायक के. कविता को हैदराबाद में गिरफ्तार कर लिया। जांच एजेंसी उन्हें पूछताछ के लिए दिल्ली ला रही है।**

इस केस में ईडी ने गुरुग्राम से कारोबारी अमित अरोड़ा को 30 नवंबर, 2022 में गिरफ्तार किया था। ईडी के मुताबिक, अमित ने अपने बयानों में के. कविता नाम का लिया था। जांच एजेंसी ने दावा किया था कि कविता साउथ ग्रुप नाम की एक शराब लॉबी की मुख्य लीडर थीं। उन्होंने अन्य कारोबारी के माध्यम से दिल्ली में 'आप' नेताओं को 100 करोड़ का भुगतान किया था। इसके बाद मार्च 2023 में ईडी ने इस मामले में कविता का नाम भी शामिल किया। ईडी ने हैदराबाद के व्यवसायी अरुण रामचंद्रन पिल्लई को 7 मार्च 2023 को गिरफ्तार किया था। अरुण को कविता का करीबी माना जाता है।

पांच समन भेजे जा चुके थे : ईडी ने आबकारी नीति मामले में पूछताछ के लिए कविता को साल 2023 में तीन समन भेजे थे। इस साल दो समन भेजे गए, लेकिन उन्होंने एससी की कार्रवाई का हवाला देते हुए पेश होने से इनकार कर दिया। ईडी की कार्रवाई के बाद पिता केसीआर, भाई केटी रामा राव, भाई टी हरीश राव उनके घर पर पहुंचे। उन्होंने कहा कि अधिकारियों ने कविता को गिरफ्तार नहीं करने की बात कही थी।

साभार लाइव हिन्दुस्तान

Rajasthan

# नाबालिग छात्र का फोटो लड़की के साथ लगाया, फिर किया ब्लैकमेल... सिपाही के बेटे ने दे दी जान

**धौलपुर, (एजेंसी)** राजस्थान के धौलपुर में एक नाबालिग लड़के ने ब्लैकमेलिंग से परेशान होकर सुसाइड कर लिया. पुलिस को उसके पास सुसाइड नोट भी मिला है, जिसमें उसने एक लड़के पर गंभीर आरोप लगाए हैं. परिजनों ने कहा कि कुछ लोगों ने बेटे की फोटो एक लड़की की तस्वीर के साथ एडिट कर ब्लैकमेलिंग की. फिलहाल पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है. यह मामला धौलपुर की हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी का है. यहां के रहने वाले पुलिसकर्मी रामनाथ मीणा ने पुलिस को दी तहरीर में कहा है कि उनका 15 वर्षीय बेटा शुभम दसवीं में पढ़ रहा था. उसकी परीक्षाएं चल रही थीं. शुभम का फोटो कुछ लोगों ने साल 2022 में एक लड़की के साथ एडिट कर दिया था. तब से वह लोग शुभम को ब्लैकमेल कर रहे थे. आरोपियों ने बेटे से करीब 70 हजार रुपये ऐंठ लिए थे. पुलिस से शिकायत भी दर्ज कराई थी, लेकिन कार्रवाई नहीं हुई. इसके बाद शुभम को फिर से आरोपियों ने परेशान करना शुरू कर दिया. 13 मार्च को शुभम घर पर अकेला था.

New Delhi

# पार्क में शराब पिलाकर घोंट दिया गला, फिर मोबाइल और जूते लेकर दोस्त हो गया फरार

**नई दिल्ली, (एजेंसी) दिल्ली में गार्ड से दुर्व्यवहार करने वाले एक व्यक्ति की हत्या के मामले में पुलिस ने एक आवारा युवक को गिरफ्तार किया है. पुलिस ने बताया कि 32 साल के आरोपी को दक्षिणी दिल्ली के मैदान गढ़ी इलाके से पकड़ा गया है.**

पुलिस के मुताबिक, उत्तर प्रदेश के एटा का रहने वाला आरोपी रवींद्र एक इवेंट मैनेजमेंट कंपनी में मजदूर के रूप में काम करता था और कुछ समय पहले उसने नौकरी छोड़ दी थी. वह नौकरी छोड़कर डीडीए पार्क में रहने लगा जिसके बाद एक सुरक्षा गार्ड उसे खाना देता था.

घटना 9 मार्च को हुई जब अजय नामक व्यक्ति ने कथित तौर पर गार्ड के साथ दुर्व्यवहार किया. रवींद्र ने उसकी हत्या करके बदला लेने का फैसला किया. यह मामला तब सामने आया जब 9 मार्च को पुलिस को अजय (24) के बारे में शिकायत मिली.

पुलिस को अजय की आखिरी लोकेशन राजपुर खुर्द एक्सटेंशन के डीडीए पार्क के पास मिली. एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने कहा, बाद में इलाके की जांच करने पर उन्हें उसका शव पार्क के पास पड़ा हुआ मिला.

अधिकारी ने कहा कि इलाके के सीसीटीवी फुटेज में अजय को एक अन्य व्यक्ति के साथ पार्क में जाते हुए देखा गया, लेकिन उन्हें बाहर आते हुए नहीं देखा गया. उन्होंने कहा कि पार्क के आसपास लगे अन्य सीसीटीवी कैमरों की फुटेज में संदिग्ध को मोबाइल फोन पर बात करते हुए पाया गया.

खेल

# 41 वर्षीय शरत ने विश्व नंबर 13 और 22 को हराया

## सिंगापुर स्मैश TT के क्वार्टर फाइनल में पहुंचे



**सिंगापुर, (एजेंसी)** 41 वर्षीय टेबल टेनिस खिलाड़ी शरत कमल ने सिंगापुर स्मैश में पहले विश्व नंबर 13 स्लोवानिया के डार्को जोर्गिच और बाद में विश्व नंबर 22 मिस्र के ओमार असार को हराकर दो बड़े उलटफेर किए। इन दो जीत के साथ शरत ने इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। विश्व नंबर 88 शरत ने इस जीत के साथ पेरिस ओलंपिक के एकल में खेलने की अपनी संभावनाओं को प्रबल कर लिया है।

**'यहां तक पहुंचने का नहीं सोचा था'-** शरत का इस टूर्नामेंट में पिछला रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है। यहां भी उन्होंने क्वालिफाइंग में खेलकर मुख्य दौर में खेलने का हक हासिल किया। उन्होंने असार को सीधे गेमों में आसानी से 11-4, 11-8, 12-10 से हराया। इससे पहले उन्होंने जोर्गिच को 8-11, 11-6, 11-8, 11-9 से पराजित किया था। पहले दौर में उन्होंने विश्व नंबर 31 चिली को निकोलस बर्गोस को 11-5, 11-4, 11-6 से हराया था। शरत ने कहा कि उन्होंने यह नहीं सोचा था कि वह यहां तक पहुंचेंगे, क्यों कि यहां उनका पिछला रिकॉर्ड अच्छा नहीं रहा है।

**फ्रांस के फेलिक्स से खेलेंगे-** शरत क्वार्टर फाइनल में फ्रांस के फेलिक्स लेब्रन से भिड़ेंगे। टेबल टेनिस की विश्व रैंकिंग में हरमीत देसाई 64 और मानव ठक्कर 83 नंबर पर चल रहे हैं। महिला और पुरुष टीम ने पहली बार एक साथ पेरिस ओलंपिक का टिकट हासिल किया है। एकल में शीर्ष दो खिलाड़ी खेलने हैं। अगले सप्ताह जारी होने वाली रैंकिंग में शरत मानव को पछाड़ सकते हैं। ऐसे में उनके एकल में खेलने की संभावनाएं प्रबल हैं।

सिनेमा

# शैतान बनकर डर रहे हैं आर माधवन, लेकिन ठुकरा चुके हैं कई हिट फिल्में



इस फ्राइडे थिएटर्स में अजय देवगन और आर माधवन की फिल्म 'शैतान' रिलीज हुई. अजय और माधवन की जोड़ी दर्शकों को खूब एंटरटेन करती नजर आ रही है. फिल्म ने करोड़ों का नेट कलेक्शन कर लिया है. पहले वीकेंड की कमाई बता रही है कि फिल्म सेकेंड वीकेंड भी अच्छा बिजनेस कर सकती है. अब जिस फिल्म में दोनों नेशनल अवॉर्ड विजेता एक्टर्स हों, उस फिल्म का हिट होना पहले से ही तय था. है ना?

वहीं अगर आर माधवन के फिल्मी प्रोजेक्ट्स पर नजर डालें, तो कई बार ऐसा हुआ है, जब उन्होंने उन फिल्मों को ठुकराया है, जो बाद में सुपरहिट साबित हुई हैं.

**काखा काखा-** आर माधवन की रिजेक्ट की हुई फिल्मों की लिस्ट में सबसे पहला नाम 'काखा काखा' का आता है. ये मूवी 2003 में रिलीज हुई थी. टाइम्स ऑफ इंडिया की रिपोर्ट के मुताबिक- गौतम वासुदेव मेनन ने सबसे पहले फिल्म के लिए माधवन को अप्रोच किया था. पर उन्होंने कुछ कारणों से इसे करने से इनकार कर दिया. इसके बाद ये फिल्म सूर्या के हाथ लगी और उन्होंने अपने किरदार के साथ पूरा न्याय किया. 'काखा काखा' ने सूर्या के करियर को एक नई उड़ान दी. आज वो किस मुकाम पर हैं, ये बताने की जरुरत नहीं है.

## संपादकीय

# मांग और आपूर्ति पर निर्भर बाजार

शेयर बाजार अपनी प्रकृति में जैसा रहा है, उसमें हर रोज उतार-चढ़ाव और गिरना-संभलना उसका अभिन्न हिस्सा है। मसलन, भारी गिरावट के बाद अगले ही दिन शेयर बाजार में खासी तेजी देखी गई और सूचकांक में 330 अंकों से ज्यादा का संतोषजनक उछाल देखा गया और पिछले दिन के मुकाबले राहत का संकेत मिला। आमतौर पर यह शेयर खरीदने वालों की संख्या के समांतर मांग और आपूर्ति की स्थिति पर निर्भर रहता है कि सूचकांक की तस्वीर कैसी रहेगी। दरअसल शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव इस कारोबार का एक आम हिस्सा है, मगर बुधवार को जिस तरह इसमें भारी गिरावट दर्ज की गई, उससे यही पता चलता है कि अनिश्चितता के बीच इसे निर्धारित करने वाले कारकों का संतुलन एक बार फिर डगमगाया। दरअसल, बुधवार को स्थानीय शेयर बाजारों में बड़ी गिरावट आई और सूचकांक 900 अंक से अधिक को गोता लगाते हुए तिहत्तर हजार अंक के स्तर के भी नीचे आ गया। साथ ही, इस कारोबार में बिकवालों के हावी रहने की वजह से निवेशकों को करीब 13.5 लाख करोड़ रुपए का भी नुकसान हुआ। इस क्रम में छोटी और मध्यम आकार वाली कंपनियों के सूचकांक में तेज गिरावट के बीच चौतरफा लिवाली से बाजार को खासा नुकसान हुआ। बाजार के नीचे आने के कारकों में बिजली, ऊर्जा और धातु के शेयरों में नुकसान और विदेशी संस्थागत निवेशकों की हाल की बिकवाली भी मुख्य रही। यों पिछले कई वर्षों के आंकड़ों के हिसाब से देखें तो हर वर्ष मार्च का महीना शेयर बाजार में गिरावट के लिहाज से संवेदनशील रहा है। इसलिए इस बार की बड़ी हलचल को भी उसी उतार-चढ़ाव का हिस्सा माना जा रहा है। अगर शेयर के खरीदारों की तादाद आपूर्ति के मुकाबले ज्यादा है तो इसका स्वाभाविक असर सूचकांक पर पड़ेगा, शेयरों में उछाल आएगा और उसकी कीमतों में इजाफा होगा। अगर यह रुख तेज और ज्यादा तीखा रहा तो इसका सीधा असर आर्थिक विकास के दावों पर दिख सकता है। एक पहलू यह भी है कि ऐसी स्थिति अक्सर बनती दिखती है तो विदेशी निवेशकों के उत्साह में कमी आने की आशंका पैदा होती है।

# क्या होती है आदर्श आचार संहिता

## क्यों और कब लागू होती है, किन चीजों पर लगती है रोक?

चुनाव आयोग ने आज लोकसभा चुनाव 2024 की तारीखों का एलान करेगा। तारीखों के एलान के साथ ही देशभर में आचार संहिता लागू हो जाएगी। इससे पहले आयोग ने एजेंसियों के साथ समीक्षा बैठक की और उन्हें धन और बाहुबल पर अंकुश लगाने का निर्देश दिया। इसके साथ ही बेहतर परिणाम सुनिश्चित करने के लिए एक समन्वित दृष्टिकोण के साथ चलने की भी बात कही गई है।

आइये जानते हैं कि यह आचार संहिता आखिर होती क्या है? यह किसके लिए जारी की जाती है? किन-किन चीजों पर लगती है पाबंदी?

आदर्श आचार संहिता क्या है?

आदर्श आचार संहिता राजनैतिक दलों और उम्मीदवारों के मार्गदर्शन के लिए निर्धारित किए गए मानकों का एक ऐसा समूह है जिसे राजनैतिक दलों की सहमति से तैयार किया गया है। आदर्श आचार संहिता में चुनाव आयोग की भूमिका अहम होती है। संविधान के अनुच्छेद 324 के अधीन संसद और राज्य विधानमंडलों के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनावोंका आयोजन चुनाव आयोग का सांविधिक कर्तव्य है।

### आदर्श आचार संहिता कितने दिनों तक लागू रहती है?

चुनाव आयोग द्वारा चुनाव तारीखों की घोषणा की तारीख से इसे लागू किया जाता है और यह चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होने तक लागू रहती है। लोकसभा चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता पूरे देश में जबकि विधानसभा चुनावों के दौरान पूरे राज्य में लागू होती है।

### आदर्श आचार संहिता की विशेषताएं क्या हैं?

इसकी मुख्य विशेषताएं निर्धारित करती हैं कि राजनीतिक दलों, चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों और सत्ताधारी दलों को चुनाव प्रक्रिया के दौरान कैसा व्यवहार करना चाहिए। चुनाव प्रक्रिया, बैठकें आयोजित करने, शोभायात्राओं, मतदान दिन की गतिविधियों और सत्ताधारी दल के कामकाज भी संहिता से निर्धारित होते हैं।

मंत्री अपने आधिकारिक दौरे को चुनाव प्रचार संबंधी कार्यों के साथ नहीं मिलाएंगे और न ही चुनाव प्रचार संबंधी कार्यों के दौरान सरकारी तंत्र या कार्मिकों का प्रयोग करेंगे। हालांकि, चुनाव प्रचार दौरे के साथ आधिकारिक दौरे को मिलाने संबंधी आदर्श आचार संहिता के प्रावधान से प्रधानमंत्री को छूट है।

विमान, वाहनों इत्यादि सहित कोई भी सरकारी वाहन किसी दल या उम्मीदवार के हितों को लाभ पहुंचाने के लिए प्रयोग नहीं किया जाएगा।

### सरकार के लिए क्या नियम होते हैं?

चुनाव के आयोजन से प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से जुड़े हुए सभी अधिकारियों या पदाधिकारियों के स्थानांतरण और तैनाती पर संपूर्ण प्रतिबंध होगा। यदि किसी अधिकारी का स्थानांतरण या तैनाती आवश्यक मानी जाती है तो पहले आयोग की अनुमति ली जाएगी।

मंत्रियों को अपना आधिकारिक वाहन केवल अपने आधिकारिक निवास से अपने कार्यालय तक शासकीय कार्यों के लिए ही मिलेगा। इसमें शर्त है कि इस प्रकार के सफर को किसी चुनाव प्रचार कार्य या राजनीतिक गतिविधि से न जोड़ा जाए।

### सरकारी योजनाओं, निर्माण कार्य पर क्या नियम लागू होते हैं?

चुनाव के दौरान प्रिंट और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में सरकारी खर्चे पर पार्टी की उपलब्धियों के संबंध में विज्ञापन और सरकारी जन-सम्पर्क निषेध है।

केंद्र में सत्ताधारी पार्टी/राज्य सरकार की उपब्धियों को प्रदर्शित करने वाले होर्डिंग या विज्ञापनों को सरकार खर्चे पर जारी नहीं रखा जाएगा। प्रदर्शित किए गए इस प्रकार के सभी होर्डिंग, विज्ञापन इत्यादि संबंधित प्राधिकारियों द्वारा तुरंत हटा दिए जाएंगे। इसके अतिरिक्त, अखबारों और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया सहित अन्य मीडिया पर सरकारी राजकोष के खर्चे पर कोई विज्ञापन जारी नहीं होगा।

चुनावों की घोषणा से पूर्व जारी कार्य आदेश के संबंध में यदि क्षेत्र में कार्य शुरू नहीं किया गया है तो उसे शुरू नहीं किया जाएगा। परंतु यदि काम शुरू कर दिया गया है तो उसे जारी रखा जा सकता है।

सरकार की योजनाओं और कार्यक्रमों के कार्यान्वयन के लिए कई दिशा-निर्देश हैं। इंदिरा आवास योजना योजना के अंतर्गत कोई भी नया निर्माण कार्य आरंभ नहीं किया जाएगा और चुनावों के पूरा होने तक किसी भी नए लाभार्थी को स्वीकृति नहीं दी जाएगी।

संपूर्ण ग्रामीण रोजगार योजना (एसजीआरवाई) चल रहे कार्यों को जारी रखा जा सकता है। राष्ट्रीय रोजगार ग्रामीण गारंटी अधिनियम (एनईआरजीए) ग्रामीण विकास मंत्रालय ऐसे जिलों की संख्या नहीं बढ़ाएगा जिनमें चुनावों की घोषणा के पहले से ही ऐसी योजनाओं का कार्यान्वयन हो रहा है। चुनावों की घोषणा के बाद जॉब कार्ड धारक को चल रहे काम में तभी रोजगार उपलब्ध करवाया जा सकता है यदि वे काम की मांग करें।

मंत्री या अन्य प्राधिकारी किसी भी रूप में कोई वित्तीय अनुदान या उससे संबंधित कोई वादा नहीं करेंगे। किसी परियोजना अथवा योजना की आधारशिला इत्यादि नहीं रखी जा सकेगी। सड़क बनवाने, पीने के पानी की सुविधा इत्यादि उपलब्ध करवाने का कोई वादा भी नहीं किया जाएगा। इसके अलावा सरकार या निजी क्षेत्र के उपक्रमों में तदर्थ आधार पर कोई नियुक्ति भी नहीं पाएंगे। कुछ मामलों में वरिष्ठ सरकारी अधिकारी किसी राजनीतिक पदाधिकारी को शामिल किए बिना आधारशिला इत्यादि रख सकते हैं।

गेहूं और अन्य कृषि-संबंधी उत्पादों का न्यूनतम समर्थन मूल्य निर्धारित करने के लिए चुनाव आयोग से परामर्श लिया जा सकता है।

### चुनाव प्रचार के लिए क्या नियम हैं?

चुनाव आयोग के अनुसार, कोई दल या उम्मीदवार ऐसी किसी गतिविधि में शामिल नहीं होगा जो धार्मिक या भाषायी जातियों और समुदायों, के बीच मतभेद को बिगाड़े या परस्पर घृणा या तनाव उत्पन्न करे।

जब राजनीतिक दलों की आलोचना की जाए, तो उसे उनकी नीतियों और कार्यक्रम, विगत रिकॉर्ड और कार्य तक ही सीमित रखा जाएगा। दल और उम्मीदवार दूसरे दलों के नेताओं या कार्यकर्ताओं की निजी जिंदगी के सभी पहलुओं की आलोचना करने से दूर रहें। इसमें शर्त है कि ये पहलु किसी के सार्वजनिक गतिविधियों से जुड़े नहीं होने चाहिए। तोड़-मरोड़ कर या असत्यापित आरोपों के आधार पर दूसरे दलों या उनके कार्यकर्ताओं की आलोचना करने से बचना होगा।

वोट हासिल करने के लिए जाति या संप्रदाय की भावनाओं के आधार पर कोई अपील नहीं की जाएगी। मस्जिदों, चर्चों, मंदिरों और अन्य पूजा स्थलों का चुनाव प्रचार के मंच के रूप में इस्तेमाल नहीं किया जाएगा।

सभी दल और प्रत्याशी ऐसी सभी गतिविधियों से परहेज करेंगे जो निर्वाचन विधि के अधीन भ्रष्ट आचरण और अपराध हैं। ये गतिविधियां हैं मतदाताओं को घूस देना, मतदाताओं को डराना-धमकाना, हमशक्ल मतदाता से मतदान करवाना, मतदान केंद्रों से 100 मीटर की दूरी के भीतर प्रचार करना, मतदान समाप्त होने के लिए नियत घंटे के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटों की अवधि के दौरान सार्वजनिक बैठकें आयोजित करना और मतदाताओं को मतदान केंद्रों तक ले जाने और वापस लाने के लिए परिवहन और वाहन की व्यवस्था करना।

प्रत्येक व्यक्ति के अधिकार का सम्मान किया जाएगा, फिर चाहे राजनीतिक दल और प्रत्याशी उसके राजनीतिक मत या गतिविधियों को कितना भी नापसंद क्यों न करते हों। लोगों के मत या गतिविधियों के प्रति विरोध जताने के लिए उनके घरों के सामने किसी भी परिस्थिति में न तो प्रदर्शन आयोजित किया जाएगा और न ही धरना दिया जाएगा।

कोई भी राजनीतिक दल या उम्मीदवार अपने अनुयायियों को किसी भी व्यक्ति की अनुमति के बिना उसकी भूमि, भवन, परिसर की दीवारों इत्यादि पर झंडा लगाने, बैनर लटकाने, सूचना चिपकाने, नारा लिखने इत्यादि की अनुमति नहीं देगा।

राजनैतिक दल और उम्मीदवार यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके समर्थक दूसरे दलों द्वारा आयोजित बैठकों और जुलूसों में न तो बाधा खड़ी करें और न ही उन्हें भंग करें। एक दल द्वारा उन स्थानों के आसपास जुलूस नहीं निकाला जाएगा, जहां दूसरे दल द्वारा बैठकें आयोजित की गई हों। एक दल के द्वारा लगाए गए पोस्टर दूसरे दल के कार्यकर्ताओं द्वारा नहीं हटाए जाएंगे।

### चुनाव प्रचार के लिए क्या?

आयोग ने राजनीतिक प्रयोग के लिए स्कूलों और कॉलेज के मैदानों (पंजाब और हरियाणा राज्य को छोड़कर जहां पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय से विशेष निषेध है) के प्रयोग की अनुमति नहीं दी है।

सार्वजनिक संपत्ति पर उम्मीदवार संबंधित पार्टी अथवा उम्मीदवार के पोस्टर, प्लेकार्ड, बैनर, ध्वज आदि को लागू स्थानीय कानून के प्रावधानों और निषेधात्मक आदेशों के अध्यधीन प्रदर्शित कर सकता है।

उम्मीदवार चुनाव के समापन के लिए तय किए गए समय के साथ समाप्त होने वाले 48 घंटे की अवधि के दौरान सिनेमा, टेलीविजन या अन्य इसी तरह के उपकरण के माध्यम से जनता को किसी भी चुनाव सामग्री अथवा प्रचार को प्रदर्शित नहीं कर सकते हैं।

चुनाव प्रचार अवधि समाप्त होने के बाद राजनीतिक पदाधिकारियों की किसी चुनावक्षेत्र में उपस्थिति पर प्रतिबंध है। प्रचार बंद होने के बाद राजनीतिक पदाधिकारी आदि, जो चुनाव क्षेत्र के बाहर से आए हैं और जो चुनाव क्षेत्र के मतदाता नहीं हैं, उन्हें चुनाव क्षेत्र में मौजूद नहीं रहना चाहिए। ऐसे पदाधिकारी को प्रचार अवधि समाप्त होने के तुरंत बाद चुनाव क्षेत्र को छोड़ देना चाहिए।

किसी भी सार्वजनिक या निजी स्थान पर सभा आयोजित करने और जुलूस निकालने के लिए संबंधित पुलिस अधिकारियों से पूर्व लिखित अनुमति लेनी चाहिए। रात 10.00 बजे से प्रातः 6.00 बजे के बीच लाउडस्पीकर का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता है। जन सभाएं सुबह 6.00 बजे से पहले और शाम 10 बजे के बाद आयोजित नहीं की जा सकती हैं। इसके अतिरिक्त, उम्मीदवार प्रचार बंद होने के दौरान जनसभाएं और जुलूस नहीं निकाल सकते।

### मतदान केंद्र के लिए क्या?

मतदान के दिन मतदान केंद्र के एक सौ मीटर की दूरी के भीतर वोटों के लिए प्रचार करना निषिद्ध है। मतदान के दिन मतदान केंद्र के आस-पास किसी भी तरह के हथियारों से लैस किसी भी व्यक्ति को हथियार ले जाने की अनुमति नहीं है। प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष रूप से परिवहन के लिए किसी भी प्रकार के वाहन द्वारा किसी भी मतदाता को मतदान केंद्र तक लाने ले जाने के लिए कोई भी व्यवस्था अपराध है।

## Highlights

1. **Felt dizzy & collapsed, nobody pushed her: TMC on Mamata's injury**
2. **From Yodha to Murder Mubarak: What to watch this weekend?**
3. **Gangster Yogesh Tunda gets married amid heavy police deployment in Delhi**
4. **DA hiked by 4% points to Madhya Pradesh Govt employees.**
5. **BJP Releases New Campaign Song Ahead Of Poll Schedule Announcement**
6. **CID to probe sexual assault claims against ex-K'taka CM Yediyurappa**

# Gautam Adani and his firm being probed by US over bribery charges: Report



**NEW DEIHI, (Agency).** US prosecutors have widened their probe of India's Adani Group to focus on whether the company may have engaged in bribery as well as the conduct of the company's billionaire founder, according to people with direct knowledge of the matter.

Investigators are digging into whether an Adani entity, or people linked to the company including Gautam Adani, were involved in paying officials in India for favorable treatment on an energy project, said the people, who asked not to be identified discussing the confidential effort. The probe, which is also looking at Indian renewable energy company Azure Power Global Ltd., is being handled by the US Attorney's Office for the Eastern District of New York and the Justice Department's fraud unit in Washington, said people familiar with the matter.

"We are not aware of any investigation against our chairman," Adani Group said in an emailed statement. "As a business group that operates with the highest standards of governance, we are subject to and fully compliant with anti-corruption and anti-bribery laws in India and other countries."

Representatives for the Justice Department in Brooklyn and Washington declined to comment. Azure didn't respond to requests for comment. Gautam Adani, his company and Azure haven't been charged with wrongdoing by the Justice Department, and investigations don't always lead to prosecutions.

In addition to being a monolithic presence in its home country, with ports, airports, power lines and highway developments, Adani Group attracts capital from around the world. US law allows federal prosecutors to pursue foreign corruption allegations if they involve certain links to American investors or markets.

# Tata-owned Air India lays off 180 employees, specifies reason

**NEW DEIHI, (Agency).** Tata-owned Air India has laid off more than 180 non-flying employees in the recent weeks. It stated that the impacted staff were unable to utilise the voluntary retirement schemes (VRS) and re-skilling opportunities, PTI reported.

Since the takeover by Tata in January 2022, efforts have been made to streamline business model in the airline. As per a spokespersonm the employees in the non-flying functions have been assigned the roles on the basis of organisational needs and individual merit.



"A comprehensive process has been followed to assess the suitability of all employees over the past 18 months. During this phase, there have also been multiple Voluntary Retirement Schemes and reskilling opportunities offered to employees," the spokesperson was quoted by PTI as saying.

The spokesperson said that one per cent of the employee base who were unable to utilise the VRS or re-skilling opportunities, had to part ways. The company said it is honouring all contractual obligations. Although the spokesperson did not mention the exact number of staff that were laid off, PTI reported that it was little more than 180 employees.




स्वामी, मुद्रक एवं प्रकाशक - पुष्पेंद्र पुष्प द्वारा पंकज प्रिंटर्स एंड पैकेजिंग एलयूएन-22, सेक्टर एफ, सांवेर रोड, इंडस्ट्रीयल एरिया, इंदौर से मुद्रित एवं 406- इंडस्ट्री हाउस 15 ए.बी. रोड, ओल्ड पलासिया, इंदौर (म.प्र.) से प्रकाशित।
■ आर.एन.आई. नंबर MPBIL/2015/66535 ■ डाक पंजीयन : एमपी/आईडीसी/1600/2023-2025 ■ *प्रधान संपादक - पुष्पेन्द्र पुष्प, ■ फोन : 0731-2433667 ■ *पीआरबी एक्ट के तहत समाचार चयन के लिए जिम्मेदार। न्याय क्षेत्र इंदौर रहेगा।
इस समाचार पत्र में प्रकाशित विभिन्न समाचार, सूचनाएं, आलेख एवं विचार लेखकों के अपने है तथा विभिन्न समाचार एजेंसियों एवं स्त्रोतों से प्राप्त किए गए हैं अतः इनसे प्रकाशक, संपादक एवं मुद्रक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है- संपादक